अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 13 अप्रैल 2026
वैशाख कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO : 07 BOTTOM

एमडीसीए की टीम ने जीता खिताब

जीत की खुशी मनाती एमडीसीए की टीम। स्रोत : संस्था

बरेली। मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) की टीम ने आईकि नेक्स्ट जनरेशन को छह विकेट से शिकस्त देकर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे सीजन की ट्रॉफी व दो लाख रुपये का नकद पुरस्कार अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आईकि नेक्स्ट जनरेशन ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 155 रन बनाए। एमडीसीए की टीम ने मात्र 15.4 ओवरों में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। ऋतुराज शर्मा ने 35 गेंदों पर 61 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में 345 रन बनाने और एक विकेट लेने के लिए ऋतुराज शर्मा को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। हर्ष त्यागी को बेस्ट बैट्समैन, अंकुर शर्मा को बेस्ट बॉलर घोषित किया गया।

उपविजेता टीम आईकि नेक्स्ट जनरेशन को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार, जबकि बेस्ट बैट्समैन और बॉलर को 5100-5100 रुपये की राशि दी गई। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान पीएनबी के सर्किल हेड रंजीत चौधरी, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, आयोजन समिति के सचिव डॉ. नितिन सक्सेना, डॉ. आशीष सक्सेना आदि मौजूद रहे। संवाद